देश के आकांक्षी ज़िलों में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िला शीर्ष पाँच में शामिल

चर्चा में क्यों?

8 फरवरी 2023 को नीतिआयोग की ओर से दिसंबर, 2022 के लिये जारी आकांक्षी ज़िलों की रिपोर्ट 'चैंपियन ऑफ चेंज डेल्टा रैंकिंग' में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िला शीर्ष पाँच ज़िलों में चौथे स्थान पर रहा है।

प्रमुख बिंदु

- इस रिपोर्ट में देश में घोषित 112 आकांक्षी ज़िलों में से ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी में शीर्ष पाँच ज़िलों में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर ज़िला चौथे स्थान पर है। वहीं स्वास्थ्य और पोषण श्रेणी में नारायणपुर ज़िले का स्थान तीसरा है।
- नारायणपुर ज़िले का स्वास्थ्य और पोषण में स्कोर 72.5 तथा शिक्षा में 57.5 स्कोर है। वहीं सभी क्षेत्रों का समग्र स्कोर 53 हैं।
- गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते चार वर्षों के भीतर स्वास्थ्य और पोषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ में हुए इन प्रयासों को भारत सरकार ने भी कई बार सराहा है।
- राज्य सरकार ने बच्चों में कुपोषण दूर करने और किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को एनिमिया से मुक्त करने के लिये मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया है।
- छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों से पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं।
- स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, दाई-दीदी क्लिनिक, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, हमर लैब, मलेरिया मुक्त बस्तर और मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ योजना का संचालन करने के साथ ही छत्तीसगढ़ में लोगों तक डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी लाभ पहुँचाए जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-s-narayanpur-district-among-top-five-aspirational-districts-of-the-country